राजस्थान सरकार

कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान

प्राविधिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान, जोधपुर

W-6 , रेजिडेन्सी रोड़, जोधपुर (राजस्थान)

क्रमांकः प.सं.7(11)/प्र–1/केन्द्रीप्रवेश/2022/10933 दिनांकः 20-05-2022

राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) में "केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया" के माध्यम से प्रवेश हेतु सूचना प्रवेश सत्र :: 2022–23/24

सत्र 2022–23/24 में राज्य की समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (N.C.V.T.) एवं राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (S.C.V.T.) के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश तथा प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (N.C.V.T.) के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु **राज्य स्तरीय केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया** द्वारा प्रवेश हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। प्रवेश प्रक्रिया की महत्वपूर्ण तिथियां निम्नानुसार है–

राजस्थान सरकार के एकीकृत पोर्टल **sso.rajasthan.gov.in/E-Mitra कियोस्क** के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की प्रारम्भ तिथि	31.05.2022
ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने, आवेदन/प्रोसेस शुल्क ई–मित्र के माध्यम से जमा कराने की अंतिम तिथि	08.07.2022

1. प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की आयु 01–09–2022 को 14 वर्ष या 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिये।
2. प्रवेश हेतु विभिन्न व्यवसायों की प्रवेश योग्यता 8 वीं, 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण है।
3. ऑनलाईन आवेदन/प्रोसेस का निर्धारित शुल्क एस.सी./एस.टी. अभ्यर्थी हेतु 175/– रूपये एवं अन्य अभ्यर्थी हेतु 200/– रूपये निर्धारित है।
4. अभ्यर्थी वेबसाईट लिंक http://hteapp.hte.rajasthan.gov.in/iti_admission/ का अवलोकन कर प्रवेश के लिए संस्थानों द्वारा ली जाने वाली फीस इत्यादि की नवीनतम जानकारी प्राप्त कर ऑनलाईन आवेदन कर सकेगें।
5. राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों में सत्र 2022–23/24 में प्रवेश हेतु केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया एवं सीट आवंटन की महत्वपूर्ण तिथियों, प्रवेश संबंधी विस्तृत सूचनाएं एवं प्रवेश विवरणिका विभाग की वेबसाईट http://livelihoods.rajasthan.gov.in पर तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में भी उपलब्ध हैं।

निदेशक प्रशिक्षण

"हुनर का हर हाथ, रहे रोजगार के साथ"

क्रमांक: प.सं.7(11)/प्र–1/केन्द्रीप्रवेश/2022/समा दिनांक: 20-05-2022

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, निदेशक प्रशिक्षण, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय राज., जोधपुर।
3. निजी सहायक, निदेशक आरसीवीईटी, आरसीवीईटी, जोधपुर।
4. अतिरिक्त निदेशक एवं प्रभारी अधिकारी, hte Portal सूचना प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग, आई.टी. बिल्डिंग, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर– 302005 को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त नोटिफिकेशन के तहत राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2022–23/24 हेतु केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया की महत्वपूर्ण तिथियां (संलग्न) अनुसार पोर्टल पर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित कराने का श्रम करावें।
5. संयुक्त निदेशक एवं सिस्टम एनालिस्ट, आरसीवीईटी, जोधपुर।
6. संयुक्त राज्य शिक्षुता सलाहकार एवं संयुक्त निदेशक, प्रशिक्षण, बनीपार्क, जयपुर।
7. उप निदेशक, प्रशिक्षण, क्षेत्रीय कार्यालय, प्राविधिक शिक्षा, अजमेर/बीकानेर/भरतपुर/जयपुर/ जोधपुर/कोटा/उदयपुर।
8. आचार्य/अधीक्षक, राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को प्रेषित कर लेख है कि सूचना नोटिस बोर्ड पर आवश्यक रूप से चस्पा करें।

उप निदेशक, प्रशिक्षण

Scanned with CamScanner